(CD-1) M/S SHREE HARI ENTERPRISES A SOLE PROPRIETARY CONCERN THROUGH ITS PROPRIETOR SMT. KRISHNA DEVI WIFE OF SHRI RAJ PAL - VILLAGE BAKHRIJA TEHSIL NANGAL CHAUDHARY MAHENDERGARH HARYANA. Mahendragarh, HARYANA.

Also At. C/O NUMBERDAR HOUSE, C/O LAKSHYA DAKSHYA PUBLIC SCHOOL, VILLAGE PALRA, GURGAON ,HARYANA.

(CD- 2) SMT. KRISHNA DEVI W/O SH. RAJ PAL, PROPRIETOR OF M/S SHREE HARI ENTERPRISES, R/O HOUSE NO.1, C/O LAKHSHYA DAKSHYA PUBLIC SCHOOL, VILLAGE PALRA, GURGAON HARYANA.

(CD- 3) MRS. SEEMA YADAV W/O SH. SUNIL YADAV R/O HOUSE NO. 571, SECTOR 10, GURGAON ,HARYANA.

1. Whereas Recovery Certificate, i.e. **RC No.369/2024 in O.A. No.1094/2049.** was issued for recovery of sum of **Rs. 2,74,66,343/-** jointly and severally with costs, current and future with compound interest (monthly) of **@10.80% p.a.** from **28.05.2019** till the date of realization of the amount due to the Applicant Bank/Certificate Holder from the Certificate Debtors
2. Whereas the undersigned has ordered the sale of the Mortgaged/Attached properties of the Certificate Debtor as mentioned in the Schedule hereunder towards satisfaction of the said Recovery Certificate. Notice is hereby given that in absence of any order of postponement, the said property(s) shall be sold on **08.12.2026 between 14:00 PM to 15:00 PM by auction** and bidding shall take place Online through the website: - **https://www.bankeauctions.com.**
3. The details of authorised contact person for auction service provider are **Name: Mr Mithalesh Kumar-Assistant Manage, www.c1india.com Plot No. 68, 3rd Floor, Sector-44, Gurgaon-122003, Haryana (India) Website-https://wwww.bankeauctions.com Direct: 0124-4302000| Mobile: +917080804466| E-mail: delhi@c1india.com C1 India: 2nd mail I'd -mithalesh.kunmar@c1india.com**
4. The details of authorised bank officer for auction service provider is **Name: Sh. Harbir Singh, Advocate, Mobile Number (98130-66062), Email Id: harbir62@gmail.com.**
5. The sale will be of the properties of defendants/CDs above named, as mentioned in the schedule below & the liabilities and claims attaching to the said properties, so far as they been ascertained, are those specified in the schedule against each lot.
6. The property will be put up for sale in the lot specified in the schedule. If the amount to be realized is satisfied by the sale of portion of the property, the sale shall be immediately stopped with respect to the remainder, The sale will also stop if, before any lot is knocked down the arrears mentioned in the said certificate+interest+costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate, interest and costs has been paid to the undersigned.
7. The sale shall be subject to conditions prescribed in the second schedule to the Income Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions:-

I. The particulars specified in the annexed schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, misstatement or omission in the proclamation.

II. The Reserve Price below which the property shall not be sold is as mentioned in the schedule.

III. The amount by which the bidding is to be increased. In the event of any dispute arising as to the amount bid or as to the bidder the lot shall at once be again put up for auction or may be cancelled.

IV. The highest bidder shall be declared to be the purchaser of any lot provided always that he/she/they are legally qualified to bid and provided further the amount bid by him/her/them is not less that the reserve price.

V. It shall be in the discretion of the undersigned to decline acceptance of the highest bid when the price offered appears so clearly inadequate as to make it inadvisable to do so.

VI. Each intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD) by **04.12.2026, 17:00 hrs by way of DD/Pay order in favour RECOVERY OFFICER-I, (DRT-2) CHANDIGARH, A/c R.C. No 369/2024** to be deposited with R.O, and with details of the property alongwith copy of PAN Card, address proof and identify proof, e-mail ID, Mobile No. and in case of the company or any other document confirming representation/attorney of the company and the receipt/counter foil of such deposit. EMD deposited thereafter shall not be considered eligible for participation in the auction.

The Earnest Money Deposit (EMD), Reserve Price and Bid Increase, be fixed as follows:

No.	Description of property	Reserve Price	EMD	Increase
1.	Plot (owned by Mrs. Seema W/o Mr. Sunil Yadav and Mrs. Krishna W/o Mr. Rajpal) Measuring 1 Kanal 3 Marla 4 Sarsai, bearing Khewat No. 199 Khata No. 260, mustil No. 56, Killa No. 19//(1-11), of 211/279 share = 1 Kanal 3 Marla 4 Sarsai, situated at village Wazipur, Tehsil and Distt. Gurgaon".	Rs. 3,14,00,000/-	Rs. 31,40,000/-	Rs. 50,000/-

8. EMD received after due date & time shall be rejected & the amount paid towards the EMD shall be returned to them by way of option given by them in the E-Auction Form. Any person desirous of participating in the bidding process is required to have a valid digital signature certificate issued by the competent authority. It is the sole responsibility of the bidder to obtain the said digital signature certificate, active e-mail id and a computer terminal/system with internet connection to enable him/her to participate in the bidding. Any issue with regard to digital signature certificate and connectivity during the course of bidding online shall be the sole responsibility of the bidder and no claims in this regard shall be entertained.
9. If the bid is increased within the last 5 minutes of the given time of auction, the auction time is further extended by additional time for 5 minutes to enable the other bidders to increase their bids & the auction process comes to an end if no further increment(s) is/are made within the extended time of 5 minutes. In case of movable/ immovable property the price of each lot shall be paid at the time of sale or as soon after as the officer holding the sale directs, and in default of payment the property shall forthwith be again put up for auction for resale.
10. The successful/highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds after adjustment of EMD by next day in the said account/Demand draft/Banker Cheque/ Pay order as per detail mentioned above. If the next day is Holiday or Sunday, then or next first office day.
11. The highest bidder/purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds on or before 15th day from the date of sale of the property, exclusive of such day or if the 15th day being Sunday or other holiday, then on the first office day after the 15th day by the prescribed mode as stated above. In addition to the above, the highest bidder shall also deposit Poundage fee @ 2% upto Rs. 1,000/- and @ 1% on balance sale proceed amount immediately before **Recovery Officer-I DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, CHANDIGARH through DD in favor of Registrar, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II CHANDIGARH.**
12. In case of default of payment within the prescribed period, the deposit, after defraying the expenses of the sale, may, if the undersigned thinks fit, be forfeited to the Government and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part of sum for which may subsequently be sold. The property shall be resold, after the issue of fresh proclamation of sale.
13. Highest bidder shall not have any right/title over the property until the sale is confirmed by the **Recovery Officer-I, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, CHANDIGARH (DRT2).**
14. The prospective buyer may inspect the site and may verify the details of the property on the basis of the revenue record and all support would be provided by the local commissioner when contacted well in advance for the same.
15. The **Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal -II, Chandigarh** is empowered to add any part or take out any part of the property from the auction proceedings at any stage.
16. The unsuccessful bidder shall take the EMD directly from the Office of **Recovery Officer-I, DRT-II, Chandigarh**/CH Bank, immediately on closure of the e-auction sale proceedings. Original ID proof of the photocopy sent with the E-Auction EMD Form has to be brought. No interest shall be paid on EMD amount.
17. No request for inclusion/ substitution in the sale certificate of names of any person(s) other than those mentioned in the E-Auction EMD Form shall be entertained unless it is absolutely reasonable and to the satisfaction of the **Recovery Officer-1.**
18. In case of more than one items of property brought for sale, the sale of such properties will be as per the convenience and it is not obligatory to go serially as mentioned in the sale notice.
19. NRI Bidders must necessarily enclose a copy of photo page of their passport & route their bid duly endorsed by Indian Mission (Embassy), The movable/immovable property is being sold on **"AS IS WHERE IS BASIS", "AS IS WHAT IS BASIS", "WHATEVER THERE IS BASIS" AND "NO RECOURSE BASIS"** and is subject to Publication charges, revenue and other Encumbrances as per rules.
20. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids, if found unreasonable or may postpone the auction at any time without assigning any reason. Details of this Proclamation of sale can be viewed at the website **www.drt.gov.in.**

Schedule of property

Sr. No.	Details of property	Revenue assessed upon the property or any part thereof	Details of any encumbrance to which property is liable	Claims, if any, which have been put forward to the property,
1.	**Plot (owned by Mrs. Seema W/o Mr. Sunil Yadav and Mrs. Krishna W/o Mr. Rajpal) Measuring 1 Kanal 3 Marla 4 Sarsai, bearing Khewat No. 199 Khata No. 260, mustil No. 56, Killa No. 19//(1-11), of 211/279 share = 1 Kanal 3 Marla 4 Sarsai, situated at village Wazipur, Tehsil and Distt. Gurgaon".**	Not Known	Not Known	Not Known

Note :- The property is being sold on "AS IS WHERE IS BASIS" & "AS IS WHAT IS BASIS" and before participating in the auction process, **the Prospective Buyers are advised to inspect the property and also to read carefully all the general terms and condition of the auction attached herewith as Annexure 'A'**

To ensure maximum competition, the Certificate Holder bank is directed to act promptly on the request by any potential bidders for inspection of the properties. However, in the event of any difficulty, the prospective bidders can approach this office through e-mail: **drt2chandigarh-dfs@nic.in**

Given under my hand and seal on this date **13.10.2026.**

RECOVERY OFFICER-I
DRT-II, CHANDIGARH

हिंदुस्तान जिंक का दीर्घकालिक निवेश अब दिखा रहा ठोस नतीजे : चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर

नई दिल्ली|बिज़नेस रेमेडीज

हिंदुस्तान जिंक की नई उत्पादन क्षमताओं, परिचालन सुधारों और तकनीक में किए गए निवेश से कंपनी के प्रदर्शन में मजबूती आ रही है। कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के लिए शेयरधारकों को लिखे पत्र में यह बात कही।

हेब्बर ने कहा, 'खनन क्षेत्र में प्रगति को शायद ही कभी किसी एक तिमाही के आधार पर मापा जा सकता है। यह निवेश, नवाचार और अनुशासित क्रियान्वयन के जरिये धीरे-धीरे समय के साथ हासिल होती है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही पर नजर डालने पर मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारे कई दीर्घकालिक निवेश अब ठोस नतीजों में बदल रहे हैं।' उन्होंने देबारी रोस्टर और चंदेरिया व दरीबा में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए की गई बाधा-निवारण (डीबॉटल-नेकिंग) पहलों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इन निवेशों से रिफाइंड धातु का उत्पादन बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार लाने में मदद मिली है। सितंबर तिमाही के दौरान हिंदुस्तान जिंक का खनित धातु उत्पादन सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 271 किलो टन (केटी) रहा। वहीं, रिफाइंड धातु का उत्पादन 7 प्रतिशत बढ़कर 264 केटी हो गया। चांदी का उत्पादन भी सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 173 टन पहुंच गया।

कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 77 प्रतिशत बढ़कर 15,093 करोड़ रुपये रहा। एबिटडा 108 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,285 करोड़ रुपये और कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 142 प्रतिशत बढ़कर 6,412 करोड़ रुपये हो गया। रॉयल्टी को छोड़कर जिंक की उत्पादन लागत 29 प्रतिशत



हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर

घटकर 703 अमेरिकी डॉलर प्रति टन रह गई। हेब्बर ने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदुस्तान जिंक का लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए हमारा लक्ष्य सिर्फ अधिक उत्पादन करना नहीं है। हमारा उद्देश्य उन संसाधनों से अधिक मूल्य सृजित करना है, जिनकी जिम्मेदारी हमारे पास है। साथ ही, ऐसा धातु कारोबार विकसित करना है, जो भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो और भारत की विकास यात्रा में सार्थक योगदान दे।

भारत में रणनीतिक खनिजों की बढ़ती जरूरत का उल्लेख करते हुए हेब्बर ने औद्योगिक विस्तार, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और तकनीकी विकास को समर्थन देने के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। तिमाही के दौरान हिंदुस्तान जिंक को कर्नाटक में गुंडलुपेट रेयर अर्थ एलिमेंट्स एंड यिट्रियम ब्लॉक के लिए आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) मिला। यह परियोजना अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में कंपनी की मौजूदगी मजबूत होगी और भारत के संसाधन भविष्य में उसका योगदान बढ़ेगा।

चेयरपर्सन ने हिंदुस्तान जिंक के परिचालन में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल को भी रेखांकित किया। इसमें टेली-रिमोट माइनिंग, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित प्रक्रिया अनुकूलन और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस शामिल हैं। हेब्बर ने बताया कि कंपनी के 62 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी 35 वर्ष से कम उम्र के हैं। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाएं, तकनीक और सुरक्षा खनन क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आगे की रणनीति के बारे में हेब्बर ने कहा कि हिंदुस्तान जिंक का ध्यान परिचालन की मौजूदा गति बनाए रखने, विकास परियोजनाओं को अनुशासित तरीके से पूरा करने, उत्पादकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने पर रहेगा।

जेन डायमंड ने जयपुर में नया स्टोर खोला

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

फाइन ज्वेलरी के लिए मशहूर, वैश्विक ब्रांड जेन डायमंड ने जयपुर के पैसिफिक मॉल में अपना नया भव्य स्टोर लॉन्च कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 450 से अधिक स्टोर्स का नेटवर्क चलाने वाले इस ब्रांड का यह कदम भारतीय बाजार में उसकी लगातार बढ़ती मौजूदगी और पैठ को दर्शाता है। मुंबई, बेंगलुरु, चंडीगढ़ और हैदराबाद जैसे देश के प्रमुख महानगरों और प्रमुख बाजारों में मिली सफलता के बाद, ब्रांड अब जयपुर में अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और समकालीन आधुनिक डिजाइनों को लेकर आया है। इस नए आउटलेट के साथ कंपनी ने भारत में अपने बढ़ते रिटेल नेटवर्क को और मजबूत किया है।

पैसिफिक मॉल में बना यह नया स्टोर 1,092 स्क्वायर फीट में फैला है। यह पूरी तरह से जेन डायमंड के सिग्नेचर डिजाइन पर आधारित है, जहां खास ग्रे कलर पैलेट का इस्तेमाल किया गया है जो आभूषणों की चमक को और उभारता है। स्टोर के इंटीरियर को और शानदार बनाने के लिए इसमें फ्लूटेड पैनल्स और आकर्षक स्टैको टेक्सचर जैसी प्रीमियम फिनिशिंग दी गई है। जेन डायमंड उच्च गुणवत्ता वाले नेचुरल डायमंड ज्वेलरी बनाने के लिए जाना जाता है। ब्रांड का यही आधुनिक दृष्टिकोण हॉलीवुड स्टार जेनिफर



लोपेज के साथ उनकी वैश्विक साझेदारी में भी झलकता है, जो ब्रांड की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर हैं। भरोसे और अफोर्डेबिलिटी के सिद्धांतों पर चलते हुए, जेन डायमंड आज के उन उपभोक्ताओं से जुड़ता है जो स्टाइल के साथ-साथ टिकाऊ मूल्य की तलाश में हैं। फाइन ज्वेलरी के साथ-साथ, जेन डायमंड लग्जरी एक्सेसरीज का एक चुनिंदा कलेक्शन भी पेश करता है। जयपुर के नए स्टोर के बारे में बात करते हुए जेन डायमंड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नील सोनावाला ने कहा कि भारत जेन डायमंड के लिए एक प्रमुख ग्रोथ मार्केट बना हुआ है। मुंबई, चंडीगढ़, बेंगलुरु और हैदराबाद में हमें जो उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, उसने आने वाले अवसरों में हमारा भरोसा और बढ़ाया है। जयपुर में नए स्टोर के साथ, हम एक ऐसे शहर में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहे हैं जो कारीगरी, आभूषण और डिजाइन की अपनी समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है, और जहां आधुनिक लग्जरी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

ईडीआईआई ने 17 देशों के प्रतिभागियों को उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया

अहमदाबाद|बिज़नेस रेमेडीज

एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद में 17 देशों के 68 प्रतिभागियों ने उद्यमिता से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक पूरे किए।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की पहल, भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत किया गया था। असंगठित क्षेत्र के उद्यम, उद्यमिता और स्थानीय आर्थिक विकास पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांग्लादेश, इथियोपिया, घाना, इराक, माली, नामीबिया, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा, वेनेजुएला और जिम्बाब्वे से कुल 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 19 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल थीं।

'उद्यमिता के विकास के लिए ईडीआईआई के महानिदेशक, डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में उपलब्ध अवसरों की पहचान करने की क्षमता के साथ-साथ उन अवसरों को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए जरूरी कौशल होना भी आवश्यक है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को बाजार का आकलन करने, मूल्य श्रृंखला विकसित करने, व्यावसायिक योजनाएं बनाने और वित्तीय प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिलती है। इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान उन्हें अपने-अपने देशों की परिस्थितियों के अनुसार उद्यम विकास और आजीविका के टिकाऊ साधन विकसित करने के उपयुक्त तरीके तलाशने में मदद कर सकता है।

एबीडी ने वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में दर्ज की मजबूत टॉपलाइन ग्रोथ

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

भारत की प्रमुख स्पिरिट्स कंपनियों में से एक, अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त हुई तिमाही और छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों का ऐलान कर दिया है।

वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही के प्रदर्शन की प्रमुख बातें : परिचालन से आय : 1,152 करोड़ रही, जो साल-दर-साल (y-o-y) आधार पर 15.8 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही (q-o-q) आधार पर 17.1 प्रतिशत अधिक है। Q2FY27 में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री मात्रा 10.0 मिलियन केस दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सभी 4 मिलियनेयर ब्रांडों में हुई वृद्धि रही। एबिटा 143 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना 10.0त्न और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 19.2 प्रतिशत ज्यादा है। हाल में तैयार सुपर-प्रीमियम से लक्जरी पोर्टफोलियो में लगातार निवेश और मुख्य ब्रांड्स को नया रूप देने से कंपनी के प्रीमियमकरण आधारित ग्रोथ एजेंडे को मजबूती मिल रही है। कर के बाद मुनाफा 69 करोड़ रुपये रहा, इसमें सालाना 9.7 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही 52.0 प्रतिशत की बढ़त हुई है। ग्लोबल सप्लाई चेन में रुकावटों के 29 करोड़ के असर को हटा दें, तो लाइक-टू-लाइक (LTL) EBITDA 172 करोड़ (साल-दर-साल आधार पर 32.3 प्रतिशत अधिक), LTL EBITDA मार्जिन 14.9 प्रतिशत (साल-दर-साल आधार पर 186 bps अधिक) और LTL PAT 91 करोड़ (साल-दर-साल आधार पर 44.3 प्रतिशत अधिक) होता Q2FY27 में ।

इन नतीजों के बारे में अपनी बात रखते हुए, एबीडी के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर सिन्हा ने कहा कि वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही एबीडी के लिए एक अहम पड़ाव रही है, जिसमें सभी वर्गों में हुई वृद्धि के दम पर पहली बार तिमाही बिक्री का आंकड़ा 1 करोड़ केस को पार कर गया। इसके अलावा, हमने अपने सुपर-प्रीमियम और लक्जरी पोर्टफोलियो को बढ़ाने में अपना निवेश जारी रखा, जिसमें ब्रांड-बिल्डिंग और वितरण से जुड़ी पहल शामिल हैं। क्षमता-विस्तार परियोजनाओं के हाल में शुरू होने से हमारी मैन्युफैक्चरिंग ताकत और बढ़ी है, जिससे सप्लाई चेन की दक्षता में सुधार और मार्जिन में बढ़ोतरी की संभावना है। त्योहारी सीजन सामने है, ऐसे में हमें टॉपलाइन ग्रोथ यानी आय में बढ़त की रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है। हम महंगाई के रुझानों पर कड़ी नजर रखते हुए परिचालन दक्षता बढ़ाने और अपने कैपेक्स प्रोग्राम को अनुशासित ढंग से लागू करने पर फोकस कर रहे हैं। Q2FY27 के लिए प्रदर्शन समीक्षा और हाल के घटनाक्रम-पूरे पोर्टफोलियो और क्षेत्रों में वृद्धि- Q2FY27 में 10.0 मिलियन केस डिलीवर किए गए, जबकि Q2FY26 में यह संख्या 9.0 मिलियन केस थी। इससे कुल वॉल्यूम में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है, जिसमें मास प्रीमियम और अन्य तथा प्रेस्टीज और उससे ऊपर (P&A)' - दोनों श्रेणियों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वॉल्यूम में यह मजबूत वृद्धि H1FY27 के दौरान भी देखने को मिली।

केपीसीएल ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के नतीजे घोषित किए

पुणे | बिज़नेस रेमेडीज

भारत में एयर, रेफ्रिजरेशन और गैस कम्प्रेशन कारोबार की एक प्रमुख कंपनी किर्लोस्कर न्यूमैटिक कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए।

वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में परिचालन से राजस्व 320 करोड़ रुपये रहा और टैक्स से पहले का लाभ 40 करोड़ रुपये रहा। इस तिमाही के लिए टैक्स के बाद का शुद्ध फायदा 40 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में कुल आय 620 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में यह 650 करोड़ रुपये थी। टैक्स से पहले का मुनाफा 85 करोड़ रुपये रहा, जो 13.4 प्रतिशत का पीबीटी मार्जिन दर्शाता है। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में यह 94 करोड़ रुपये और 14.1त्न था। परिणामों पर प्रबंध निदेशक अमन किर्लोस्कर ने कहा, कि पहली छमाही में हमारा प्रदर्शन, लगातार अस्थिर होते वैश्विक माहौल की तत्काल चुनौतियों को दर्शाता है। देशों के बीच तनाव और शिपिंग में रुकावटों का सीधा असर हमारे निर्यात क्लीयरेंस और माल भेजने के समय पर पड़ा, जिसके कारण कुछ खेपों में अस्थायी देरी हुई और ऑर्डर को अंतिम रूप देने में विलंब हुआ। हालाँकि इन बाहरी अनिश्चितताओं ने निकट अवधि में हमारे राजस्व और मुनाफे को कुछ हद तक प्रभावित किया है, लेकिन हमारा मुख्य परिचालन आधार अभी भी मजबूत बना हुआ है। 1 अक्टूबर 2026 तक हमारी ऑर्डर बुक 2,040 करोड़ रुपये की है, जो साल की शुरुआत के 1,863 करोड़ रुपये से 10 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही (H1 FY27) में कंपनी के कुल राजस्व में 'कंप्रेशन' व्यवसाय का हिस्सा लगभग 94 प्रतिशत है और यह रिपोर्टिंग का एकमात्र सेगमेंट बना हुआ है। इस तिमाही के दौरान किर्लोस्कर न्यूमैटिक कंपनी लिमिटेड (KPCL) और जापान की कोबे स्टील लिमिटेड (KOBELCO) ने तेल और गैस (ऑयल एंड गैस) क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने और उन्हें विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी तकनीक-आधारित विकास, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, और वैश्विक तेल एवं गैस उद्योग की बदलती जरूरतों के लिए भरोसेमंद तथा ऊर्जा-कुशल समाधान प्रदान करने की दोनों कंपनियों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसके जरिए इन कंपनियों का लक्ष्य भारत के बढ़ते बाजार में अपने बिजनेस प्लेटफॉर्म और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत करना, मुख्य रूप से तेल और गैस क्षेत्र में अपने कारोबार का विस्तार करना, और कार्बन-न्यूट्रैलिटी (कार्बन तटस्थता) से जुड़े क्षेत्रों में नए व्यावसायिक अवसर पैदा करना है।

भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का औसत एयूएम वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 14.1 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट

नई दिल्ली|बिज़नेस रेमेडीज

भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की औसत एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में तिमाही आधार पर 4.9 प्रतिशत और सालाना आधार पर 14.1 प्रतिशत बढ़कर 89.51 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए एनालिटिक्स की ओर रिपोर्ट में बताया गया कि हालांकि, बाजारों में गिरावट के चलते अगस्त 2026 में इंडस्ट्री एयूएम 87.08 लाख करोड़ रुपए और सितंबर 2026 में 82.64 लाख करोड़ रुपए था। मासिक गिरावट के बावजूद, सितंबर में एयूएम पिछले साल की तुलना में 9.3



प्रतिशत अधिक रहा। यह इस सेक्टर की लंबी अवधि की विकास दर को दर्शाता है, जो खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में लगातार आ रहे निवेश (इनफ्लो) से प्रेरित है। वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में नेट इनफ्लो 1.44 लाख करोड़ रुपए के साथ सकारात्मक रहा, हालांकि यह पिछली तिमाही के 2.05 लाख करोड़ रुपए से कम था। इसमें आई कमी का मुख्य कारण डेट-ओरिएंटेड स्कीमों से फंड की निकासी और सितंबर 2026 में हुई बड़ी निकासी थी। इक्विटी-ओरिएंटेड स्कीमें विकास का मुख्य आधार बनी रहीं, जिनमें तिमाही के दौरान 92,293 करोड़ रुपए का नेट इनफ्लो आया, जबकि हाइब्रिड स्कीमों में इनफ्लो की गति धीमी रही। डेट-ओरिएंटेड स्कीमों से 5,853 करोड़ रुपए का नेट आउटफ्लो देखा गया, जो बाजार की बदलती स्थितियों के बीच निवेशकों की इक्विटी-लिंक्ड उत्पादों में रुचि को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया, 'निवेशक आधार में लगातार विस्तार और इक्विटी में मजबूत इनफ्लो, बाजार में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए एक सकारात्मक और मजबूत विकास दृष्टिकोण की पुष्टि करते हैं।' निवेशकों की भागीदारी काफी मजबूत रही; सितंबर 2026 में कुल म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या बढ़कर 28.62 करोड़ हो गई, जबकि सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश 32,490 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सितंबर 2026 में नए एसआईपी खातों की संख्या में 63.26 लाख की वृद्धि हुई।

Auric Mills ने पेश किया Golden Prosperity Hamper: केसर से सजा दिवाली का शाही तोहफ़ा

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

जयपुर स्थित वेलनेस फूड और बेवरेज ब्रांड Auric Mills ने दिवाली के लिए अपना Golden Prosperity Hamper लॉन्च किया है। भारत की शाही पाक परंपराओं से प्रेरित इस हैम्पर की कड्डीमत 3,500 है। यह उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो मानते हैं कि सबसे खास तोहफ़े वही होते हैं जो परिवार की थाली तक पहुंचते हैं।

हैम्पर का मुख्य आकर्षण है ैafrani Atta। इसमें असली केसर, बादाम, पिस्ता और काजू के साथ क्विनोआ, ओट्स, भुने चने और मखाने का शानदार मिश्रण है। ब्रांड की मिलिंग फ़िलॉसफ़ी के अनुरूप इसे 45 RPM पर और 42°C से कम तापमान पर धीरे-धीरे पत्थर की चक्की में पीसा जाता है, ताकि इसकी प्राकृतिक सुगंध, स्वाद और पोषण बना रहे। इसमें न ब्लीचिंग है, न प्रिज़र्वेटिव और न रिफ़ाइनिंग। नतीजा है एक सुगंधित, भरपूर स्वाद वाला आटा, जो त्योहार की रोटी को भी एक खास मौका बना देता है। हैम्पर को पूरा करते हैं Auric Mills के Sattu Premix और Ragi Latte Premix ये पारंपरिक भारतीय अनाजों को आधुनिक सुविधा के साथ पेश करते हैं, ताकि इस तोहफ़े का आनंद त्योहारों के बाद भी लिया जा सके।

Golden Prosperity Hamper के ज़रिए Auric Mills ने समझदार उपभोक्ताओं के लिए त्योहारी गिफ्टिंग को नए रूप में पेश किया है। यह पारंपरिक मिठाइयों का एक सोचा-समझा विकल्प है, जिसमें स्वाद, विरासत और रोज़मर्रा की सेहत एक साथ मिलते हैं।

अदाणी पोर्ट्स की आय दूसरी तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़ी, वित्त वर्ष 27 के लिए ईबीआईटीडीए गाइडेंस को 1,000 करोड़ रुपए बढ़ाया

अहमदाबाद | एजेंसी

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशनल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने बुधवार को वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए।

कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 3,120 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 27 (चालू वित्त वर्ष) की पहली तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 11,340 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 9,167 करोड़ रुपए थी। सितंबर तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 6,807 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले वर्ष की समान तिमाही में 5,550 करोड़ रुपए था। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में कंपनी की आय सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 22,161 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 18,294 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 7,332 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 6,431 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 27 की पहली छमाही में ईबीआईटीडीए सालना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 13,347 करोड़ रुपए हो गया है। मजबूत प्रदर्शन के चलते कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 27 के लिए आय की गाइडेंस को 1,000 करोड़ रुपए बढ़ाकर 44,000-46,000 करोड़ रुपए कर दिया है। वहीं, ईबीआईटीडीए गाइडेंस को भी 1,000 करोड़ रुपए बढ़ाकर 26,000-27,000 करोड़ रुपए कर दिया है।

कंपनी ने बताया कि उसके घरेलू पोर्ट्स की आय सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ी है और ईबीआईटीडीए मार्जिन 72.5 प्रतिशत पर रहा है। अंतरराष्ट्रीय पोर्ट्स से आय सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़ी है और ईबीआईटीडीए मार्जिन 47.7 प्रतिशत रहा है।

नतीजों पर अदाणी पोर्ट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही शानदार रही। हमारे घरेलू पोर्ट्स हमारी कमाई का मुख्य आधार बने हुए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स और मरीन कारोबार विकास के मजबूत इंजन के रूप में उभर रहे हैं। पहली छमाही के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए, हम वित्त वर्ष 27 के लिए अपनी आय, ईबीआईटीडीए और कैपेक्स के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं।

एम. के. एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : जी-1/150, गारमेंट जोन, ई.पी.आई.पी. सीतापुरा, टोंक रोड, जयपुर -302022
सीआईएन: L63040RJ1992PLC007111
TEL. NO. 0141-3937501 ई-मेल: mkexim@gmail.com वेबसाइट: website: www.mkexim.com

सितम्बर 30, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए
गैर-लेखापरीक्षित एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय परिणामों का सरांश (₹ लाख में)

विवरण	तिमाही समाप्त 30.09.2026 (अनअंकेक्षित)	तिमाही समाप्त 30.06.2026 (अनअंकेक्षित)	तिमाही समाप्त 30.09.2025 (अनअंकेक्षित)	अर्द्धवार्षिक समाप्त 30.09.2026 (अनअंकेक्षित)	अर्द्धवार्षिक समाप्त 30.09.2025 (अनअंकेक्षित)	वार्षिक समाप्त 31.03.2026 (अंकेक्षित)
परिचालनों से कुल आय	3246.18	2764.97	1843.86	6011.15	4544.57	10022.42
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा असाधारण मदों से पूर्व)	895.61	869.86	318.44	1765.47	1228.95	2699.63
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा असाधारण मदों के बाद)	1278.87	869.86	318.44	2148.73	1228.95	2699.63
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा असाधारण मदों के बाद)	987.42	650.93	238.30	1638.35	919.66	2002.12
अवधि हेतु कुल व्यापक आय अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आयों को सम्मिलित करके (कर पश्चात)	987.42	650.93	238.30	1638.35	919.66	2002.12
समता अंश पूँजी	4036.73	4036.73	4036.73	4036.73	4036.73	4036.73
संचय (पुनर्मूल्यांकन संचय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	5708.09
प्रति शेयर अर्जन (रु 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचलनों हेतु)-						
मूल:	2.45	1.61	0.59	4.06	2.28	4.96
तरल:	2.45	1.61	0.59	4.06	2.28	4.96

नोट:- 1. 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध-वर्ष के लिए कंपनी के उपरोक्त अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 28.10.2026 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है। सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52 के अंतर्गत अपेक्षित, कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है। 2. उपरोक्त सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का एक उद्धरण है। गैर-लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारुप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट http:www.mkexim.com पर भी उपलब्ध है और नीचे दिए गए क्यूआर कोड द्वारा इसे देखा जा सकता है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 28.10.2026

बोर्ड के आदेश द्वारा
एम. के. एक्जिम (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
मनीष मुरलीधर दायलानी (प्रबंध निदेशक)
डीआईएन.: 05201121